/font>

Title: Need to open district telecommunication centre in Hingoli district, Maharashtra.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली जिले में 15000 से ज्यादा टेलीफोन काम कर रहे हैं और दो हजार के करीब प्रतीक्षा सूची में हैं। नियमानुसार 14000 टेलीफोन वाले जिलों में जिला दूर संचार प्रबंध व्यवस्था कायम की जाती है परन्तु अभी तक इस जिले में जिला दूर संचार प्रबंधक नहीं है जिसे पूरबनी जिले से संचालित किया जाता है जो हिंगोली से 100 किलोमीटर की दूरी पर है। लोगों को टेलीफोन बिल एवं अन्य टेलीफोन समस्याओं के लिए 100 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है। हिंगोली में जिला दूर संचार स्वतंत्र रूप से न होने पर ग्रामीण टेलीफोन व्यवस्था एवं नई सेवा को चालू करने में कई प्रशासनिक दिक्कतें आ रही हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसंदीय क्षेत्र हिंगोली में जिला दूर संचार शीघ्र स्थापित किया जाये।